# विश्वविद्यालय में खेलों का आयोजन

पंतनगर। 28 अगस्त 2025। विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा अनुभाग द्वारा स्टीवेंशन स्टेडियम में तीन–दिवसीय विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अन्तर्गत विभिन्न खेलों का आयोजन दिनांक 29 से 31 अगस्त 2025 तक किया जा रहा है, जिसका शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा किया जायेगा।

इस अवसर पर सह निदेशक शारीरिक शिक्षा एवं सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. पूनम त्यागी ने बताया कि दिनांक 29 अगस्त 2025 को प्रातः 6:30 बजे क्रास कन्ट्री रेस (महिला एवं पुरूष) तथा सांय 6:00 बजे वालीबाल (महिला एवं पुरूष) का आयोजन किया जायेगा। दिनांक 30 अगस्त 2025 को प्रातः 6:00 बजे योगा (महिला एवं पुरूष) तथा सांय 6:00 बजे खो–खो (महिला एवं पुरूष) का आयोजन किया जायेगा। दिनांक 31 अगस्त 2025 को प्रातः 6:00 बजे वरिष्ठ नागरिकों के लिए साईकल रेस का आयोजन किया जायेगा।